# एक साल में हर खेत तक पहुंचेगा सिंचाई का पानी : उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा





**मंदसौर।** उप मुख्यमंत्री एवं वित्त, वाणिज्यिक कर, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के मंत्री जगदीश देवड़ा ने सोमवार को मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम राणाखेड़ा में लगभग 11 करोड़ रुपये की लागत से किए गए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

कार्यक्रम के दौरान 2.78 करोड़ रुपये की लागत से लोध से भूखी बुजुर्ग (व्हाया बर्डियाफंटा) मार्ग का भूमिपूजन, 6.64 करोड़ रुपये की लागत से लच्छाखेड़ी से ईशाकपुरा बांसखेड़ी फंटा (व्हाया रठाना) मार्ग तथा 91.13 लाख रुपये की लागत से रूपावली-भटाना मार्ग का लोकार्पण किया गया। इसके अलावा 65 लाख रुपये की लागत से आयुष्मान आरोग्य मंदिर पालड़ी, ग्राम कमालपुरा, बिलात्री व राणाखेड़ा में आंगनवाड़ी भवनों का लोकार्पण एवं ग्राम पंचायत बिलात्री में मांगलिक भवन का भूमिपूजन किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि आने वाले एक वर्ष में मल्हारगढ़ सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के माध्यम से हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचेगा, जिससे किसानों को बिजली की समस्या से राहत मिलेगी और चंबल नदी का पानी सीधे खेतों तक पहुंचेगा। उन्होंने नदी जोड़ो परियोजना को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के सपने से जोड़ते हुए कहा कि इससे सूखा और बाढ़ दोनों पर नियंत्रण संभव हो सकेगा। उप मुख्यमंत्री ने आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि और आवास योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार बिना भेदभाव के सभी पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग, गांवों की साफ-सफाई और बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में सड़कों का व्यापक नेटवर्क तैयार हुआ है, 20 से अधिक मेडिकल कॉलेज प्रारंभ हो चुके हैं और शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं में निरंतर सुधार किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित, जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा, नानालाल अटोलिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## स्कूल के बन जाने से कई बच्चों का सवरेगा भविष्य : देवड़ा

### उप मुख्यमंत्री ने शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सुरी के भवन का किया निरीक्षण

**मंदसौर।** उप मुख्यमंत्री एवं वित्त, वाणिज्यिक कर, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के मंत्री जगदीश देवड़ा ने आज शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सुरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि यह विद्यालय भवन लगभग 7 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित किया गया है।

उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि इस स्कूल के बन जाने से आसपास के कई ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में बड़ा लाभ होगा और उनका भविष्य संवरेगा। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया कि यदि स्कूल में किसी प्रकार की कमी हो तो तत्काल अवगत कराएं, ताकि उसे शीघ्र दूर किया जा सके।



उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि सभी बच्चे अच्छे से अध्ययन करें और अपने माता-पिता तथा देश का नाम रोशन करें। साथ ही उन्होंने स्कूल परिसर में फलदार एवं छायादार पौधे लगाने के निर्देश भी दिए, जिससे विद्यार्थियों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण मिल सके। इस अवसर पर जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित, जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, जिला अधिकारी, विकास खंड अधिकारी, बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## गांव के आत्मनिर्भर होने से भारत आत्मनिर्भर होगा : उपमुख्यमंत्री

**मंदसौर।** उपमुख्यमंत्री एवं वित्त, वाणिज्यिक कर, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के मंत्री जगदीश देवड़ा ने आज मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पिपलिया कराड़िया में लगभग 21 करोड़ रुपये की लागत से किए गए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।



कार्यक्रम के अंतर्गत 1 करोड़ 7 लाख रुपये की लागत से निर्मित पिपलिया कराड़िया गांव से हाईस्कूल पहुंच मार्ग तथा 1 करोड़ 77 लाख रुपये की लागत से निर्मित खण्डेरियामारू से नावनखेड़ी मार्ग का लोकार्पण किया गया। वहीं 7 करोड़ 86 लाख रुपये की लागत से लिलदा से नाहरगढ़ पित्याखेड़ी मार्ग का भूमिपूजन किया गया। इसके साथ ही 6 करोड़ 90 लाख 97 हजार रुपये की लागत से निर्मित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सुरी तथा 1 करोड़ 99 लाख 90 हजार रुपये की लागत से निर्मित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल पिपलिया कराड़िया का लोकार्पण किया गया। ग्राम पाल्यामारु एवं ग्राम लीलदा में 65-65 लाख रुपये की लागत से निर्मित दो आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का लोकार्पण भी उपमुख्यमंत्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित, जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, जिला अधिकारी, विकास खंड अधिकारी, बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि गांव जब आत्मनिर्भर बनेंगे, तभी भारत आत्मनिर्भर बनेगा। उन्होंने ग्रामीणों से स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने, बच्चों एवं अभिभावकों को स्वच्छता अभियान में सहभागी बनाने तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पूर्व में सड़कों का अभाव था, आवागमन में भारी कठिनाइयां आती थीं, लेकिन आज मल्हारगढ़ क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में सड़कों का व्यापक विकास हुआ है। विकास के नाम पर आमूल-चूल परिवर्तन देखने को मिल रहा है। सिंचाई, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, भवन एवं बिजली सहित प्रत्येक क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं, जिससे प्रदेश तेजी से प्रगति की ओर बढ़ रहा है।

## उप मुख्यमंत्री देवड़ा 30 दिसंबर को करेंगे विभिन्न कार्यों को लोकार्पण एवं भूमिपूजन

**मंदसौर।** अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल द्वारा बताया गया कि उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा 30 दिसंबर 2025 को विभिन्न कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन करेंगे।तय कार्यक्रम अनुसार उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा प्रात: 11:00 बजे ग्राम रेवास देवड़ा में धुंधलेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित राम कथा में सम्मिलित होंगे। प्रात: 11:30 बजे धमनार में टांकेड़ा से रावटी व्हाया झाकेड़ा पहुंच मार्ग का भूमि पूजन, निपानिया बड़वन से कुचडौद मार्ग का भूमि पूजन, धमनार से छाजूखेडा व?हाया बाबरेचा, दलौदा, लदुसा, रसूलपूर मार्ग का भूमिपूजन करेंगे। दोपहर 1:30 ग्राम रानीखेड़ी में 33/11 के?ही विद्युत उप केंद्र निर्माण का भूमि पूजन करेंगे। तत्पश्चात दोपहर 3:00 बजे ग्राम बुगलिया में नगर वन देव डूंगरी का लोकार्पण करेंगे ।

## एक नजर में

### वर्षो से चली आ रही आमजन की मांग का ज्ञापन कार्यकर्ताओ ने उप मुख्यमंत्री को दिया



**नाहरगढ।** आमजन की वर्षो से चली आ रही मांग का ज्ञापन दिया। सोमवार को मंदसौर जिले के दौरे पर प्रदेश के यशस्वी उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा से मिलकर रणायरा से देवरी, झलारा, खजूरी होते हुए नाहरगढ़ रोड ओर देवरी पुलिया के लिए मांग रखी। आपने आवेदन स्वीकार कर आशवस्त किया कि जल्द ही यह कार्य करवाया जाएगा। मांग करते मण्डल उपाध्यक्ष महेश माली, वरिष्ठ नेता घनश्याम शर्मा रणायरा, परसराम धनगर, समरथ बैरागी, प्रहलाद शर्मा, प्रदीप विश्वकर्मा, पुष्कर शर्मा देवरी, पप्पू विश्वकर्मा, राधाकृष्ण पाटीदार झलारा, रवि गुप्ता कैलाशपुर सहित अनेक साथी उपस्थित थे। इस सड़क मार्ग से मंदसौर मण्डी तक पहुंचने मे दुरी कम होगी। यह पहले से ही मार्ग बस मार्ग रहा है। इस क्षेत्र मे जगदीश देवड़ा पहले से विधायक रहे है आज भाजपा सरकार मे प्रदेश के उप मुख?यमंत्री है। आमजन की मांग पर गम्भीरतापूर्वक ध्यान केन्द्रित करना चाहिए सभी जनप्रतिनिधिगण व जननेताओ को।

### रणायरा में नवांकुर संस्था ने 'खेलो इंडिया' और 'फिट इंडिया' विज़न का आयोजन किया



**मंदसौर।** नवांकुर श्री श्री मां शक्ति सेवा संस्थान द्वारा मल्हारगढ विधानसभा के रणायरा गांव मे शासकीय माध्यमिक विघ्यालय मे सांसद खेल महोत्सव 2025 का सफल आयोजन हुआ। नवांकुर संस्था सचिव राधिका तिवारी ने बताया की म.प्र.जनअभियान परिषद जिला समन्वयक तृप्ती बैरागी के मार्गदशन एवं ब्लॉक समन्यक विनोद गौर के दिशानिर्देश मे क्षेत्रिय आयोजन का उद्देश्य प्रधानमंत्री मोदी के 'खेलो इंडिया' और 'फिट इंडिया' विज़न के तहत युवाओं में खेल भावना और प्रतिभा को बढ़ावा देना था, जिसमें कक्षा 8वी तक के विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने कबड्डी, क्रिकेट, फुटबॉल, और पारंपरिक खेलों में हिस्सा लिया, यह आयोजन मा.वि.रणायरा क्षेत्र के लिए एक बड़ा आयोजन रहा, जहां विजेता प्रतिभागीयों को प्रमाण पत्र वितरीत किये गये। खेल आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनीधी, शाला के चैन सिंह जमरा प्रधान अध्यापक, सुमन व्यास अध्यापिका, शालिनी शर्मा अध्यापिका, कोमल पाटीदार अध्यापक, यशवंत बोराणा अध्यापक, इंदर सिंह बोराणा, राधेश्याम गोराना, पंडित गोपाल कृष्ण शास्त्री, राधिका तिवारी आदी मौजुद थे।

### लायंस क्लब द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर संपन्न



**मंदसौर।** लायंस क्लब मंदसौर एवं लाइफ केयर डायग्नोस्टिक सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को एक विशाल ''विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर'' का आयोजन किया गया। यह शिविर स्व. श्री रामविलासजी चिचानी की स्मृति में इफ केयर डायग्नोस्टिक सेंटर पर आयोजित हुआ। शिविर के दौरान कुल 160 लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई। इसमें बेसिक जांचें पूरी तरह नि:शुल्क रखी गई थीं, जबकि रूटीन और फुल बॉडी चेकअप (जैसे सीबीसी, लिपिड प्रोफाइल, विटामिन डी3, बी12 आदि) 60 प्रतिशत तक की भारी छूट के साथ रियायती दरों पर उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम की शुरुआत में लायंस क्लब के अध्यक्ष रत्नेश कुदार ने उपस्थित जनों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही लायंस क्लब का मुख्य उद्देश्य है और समय-समय पर ऐसे स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से आम जन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाता है। आपने बताया कि शिविर में की गई जांचों की रिपोर्ट 30 दिसंबर (मंगलवार) को लाइफ केयर डायग्नोस्टिक सेंटर से प्राप्त की जा सकेगी। इस अवसर पर चिचानी परिवार से डॉ. एस.एन. चिचानी, अशोक चिचानी, पंकज चिचानी, अदिती चिचानी एवं ज्योति कोठारी विशेष रूप से उपस्थित रहे जिनका क्लब द्वारा स्वागत किया गया।

# भानपुरा तहसील 112 सेवा से वंचित, आम जनता परेशान

**भानपुरा।** भानपुरा तहसील की आम जनता इन दिनों आपातकालीन सेवा डायल-112 से वंचित है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आपात स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराने वाली यह सेवा वर्तमान में भानपुरा थाना क्षेत्र में पूरी तरह बंद पड़ी हुई है।

जानकारी के अनुसार, 11 दिसंबर 2025 की रात भानपुरा थाना से संबद्ध 112 वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसके बाद से क्षेत्र में 112 की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है। पहले यह सेवा शहरी क्षेत्र में लगभग 5 मिनट एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 15 मिनट के भीतर सहायता पहुंचा देती थी, लेकिन अब लोगों को आपात स्थितियों में तत्काल मदद नहीं मिल पा रही है। इस संबंध में भानपुरा थाना प्रभारी रमेशचंद डांगी ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन को उच्चाधिकारियों को भेज दिया गया है तथा इसकी जानकारी आला अधिकारियों को भी दे दी गई है, लेकिन अभी तक उसके स्थान पर नया 112 वाहन उपलब्ध नहीं कराया गया है। इसी कारण आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।





स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया है कि इसी विधानसभा क्षेत्र के गरोठ थाना परिसर में दो-दो 112 वाहन उपलब्ध हैं, जबकि भानपुरा थाने में एक भी नहीं है। उल्लेखनीय है कि भानपुरा थाना राजस्थान की सीमा से सटा हुआ क्षेत्र है, जहां अपराध की संभावनाएं अधिक बनी रहती हैं। ऐसे संवेदनशील क्षेत्र में 112 जैसी महत्वपूर्ण आपातकालीन सेवा का न होना आम जनता की सुरक्षा के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि भानपुरा तहसील को शीघ्र 112 सेवा उपलब्ध कराई जाए, ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में लोगों को समय पर सहायता मिल सके।

## जे माणक कॉलोनी में मंदिर समिति का गठन, सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन

**मंदसौर।** संजीत रोड़ स्थित जे माणक कॉलोनी में रविवार को कॉलोनीवासियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य मंदिर व कॉलोनी की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करना एवं भविष्य में आने वाली समस्याओं के समाधान हेतु एक संगठित समिति का गठन करना रहा।



बैठक में उपस्थित सभी कॉलोनीवासियों की सर्वसम्मति से मंदिर समिति का गठन किया गया। बैठक के दौरान मंदिर निर्माण हेतु प्राप्त आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया, साथ ही साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, सुरक्षा एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

यह भी निर्णय लिया गया कि कॉलोनी से संबंधित समस्याओं को समिति के माध्यम से कॉलोनाइजर व संबंधित विभागों तक पहुँचाया जाएगा तथा कॉलोनी के सर्वांगीण विकास के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएंगे।

कॉलोनी समिति के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह भाटी, सचिव अनिल भट्ट, कोषाध्यक्ष कमलेश पंड्या सह कोषाध्यक्ष अशोक शर्मा को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर कार्यकारिणी सदस्य भेरूलाल चौहान, मनीष शर्मा, योगेश गुप्ता, सुरेश शर्मा, पंकज मोदी, मनोज मामोडिया, मुकेश माली, शलभ अरोरा, वीरेंद्र सिंह चंद्रावत, शरद तिवारी, विशाल सिंह झाला, मुकेश आचार्य, परमानंद देवड़ा, खेमराज जाटव, प्रकाश बैरागी, लोकेश लोहार, महावीर जैन, श्रीचंद जैन, जितेन सिंह भाटी, मनीष लोहार, प्रदीप चंदेल व महेश जोशी उपस्थित थे। बैठक के अंत में सभी कॉलोनीवासियों ने नवगठित समिति को बधाई दी एवं सभी कॉलोनीवासियों ने कॉलोनी के विकास में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## प्रेम, सेवा और करुणा मानव धर्म है

▶ क्रिसमस सेलिब्रेशन में वक्ताओं के विचार

**मन्दसौर।** आध्यात्मिक चेतना अभियान द्वारा क्रिसमस शुभकामना समारोह सर्वधर्म समभाव संगोष्ठी का आयोजन किया गया। हिन्दू, मुस्लिम, सिख, जैन धर्म के विद्वान वक्ताओं एवं अतिथियों ने कहा कि सभी धर्मो का संदेश मनुष्य को सद्गुण संपन्न बनाना हैं प्रभु यीशु ने भी यही संदेश दिया हैं। सेंट थॉमस स्कूल के प्रधान फादर जॉनसन ने कहा कि प्रेम, सेवा व करूणा मानव धर्म है जो प्रत्येक मनुष्य को अपनाना है वह चाहे जिस धर्म पंथ का अनुयायी हो। आपने कहा कि भारत में सभी धर्मावलंबी प्रेम व सद्भाव से जीवन यापन करते है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। प्रमुख वक्ता श्री प्रकाश रातड़िया ने कहा कि मैत्री भाव, करूणा भाव, प्रमोद भाव व मध्यस्थ भाव अपनाकर श्रेष्ठ चरित्र का निर्माण किया जा सकता है। सभी तीर्थंकरों, अवतारों, पेगम्बरों ने यही संदेश दिया हैं वरिष्ठ साहित्यकार श्री गोपाल बैरागी ने कहा कि धर्म कभी भी आपस में बैर करना नहीं सिखाता है। कतिपय लोग स्वार्थ वश धर्म के आधार पर भेदभाव पैदा करते है किन्तु भारतीय संस्कृति में विद्यमान प्रेम, सद्भाव व एकता की जड़ गहरी है। पं. देवेश्वर जोशी, राजेन्द्र छाजेड़, इस्माइल मंसूरी, त्रिलोचनसिंह छाबड़ा ने हिन्दू, जैन, इस्लाम व सिख धर्म परम्परा के दर्शन का उल्लेख किया। प्रकाश दीक्षित, कृष्णकांत जोशी, प्रकाश कल्याणी, मोहनसिंह चौहान ने सहभागिता की। नरेन्द्रपालसिंह राणावत व सेंट थॉमस परिवार के श्रद्धालु भाई बहनों ने भजन प्रस्तुत किये।



## नन्हे वैज्ञानिकों की प्रतिभा से सजी विज्ञान प्रदर्शनी

**फतेहगढ़।** एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय फतेहगढ़ में जन शिक्षा केंद्र स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। प्रदर्शनी में दलोदा जन शिक्षा केंद्र की 13 शालाओं के विद्यार्थियों ने गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान विषयों पर आधारित नवाचारपूर्ण मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि जाहिद भाई एवं एसएमसी अध्यक्ष नरेंद्र पाटीदार द्वारा मां सरस्वती के पूजन के साथ किया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सोलर एनर्जी, मिसाइल, सेवियर ट्री एवं ज्वालामुखी जैसे मॉडलों ने वैज्ञानिक सोच और सामाजिक चेतना को दर्शाया। प्रदर्शनी के साथ सोलोसॉन्ग एवं सेमिनार प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ।

निर्णायक मंडल द्वारा किए गए मूल्यांकन में गणित में प्रांजल प्रथम व सोनिया द्वितीय, विज्ञान में हर्षिता मदनलाल प्रथम व कृष्णा द्वितीय तथा सामाजिक विज्ञान में नैतिक प्रथम व कमल द्वितीय रहे। सोलोसॉन्ग में लक्ष्मी प्रथम व हर्षिता द्वितीय तथा सेमिनार में भूमिका और निमिषा प्रथम रहीं। विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। यह आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, आत्मविश्वास और रचनात्मक सोच विकसित करने की दिशा में सराहनीय पहल सिद्ध हुआ।

**एक नजर** ▶ अधिकारियों की लेटलतीफी और उदासीनता के चलते विकास कार्य प्रभावित

## बेगुनिया में पीएम श्री स्कूल भूमि पर अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश

**गरोठ।** जिले व तहसील क्षेत्र में अतिक्रमण को लेकर लगातार विवाद सामने आ रहे हैं। अधिकारियों की लेटलतीफी और उदासीनता के चलते विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जिससे आमजन में असंतोष बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में गरोठ तहसील के ग्राम बेगुनिया में पीएम श्री स्कूल की प्रस्तावित भूमि पर अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।



अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया, जिसके चलते गांव का बाजार पूरी तरह बंद रहा। ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार जिनेंद्र कुमार निगम को एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण गरोठ विधायक चंदरसिंह सिसोदिया के कार्यालय पहुंचे और करीब एक घंटे तक धरने पर बैठे।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि तीन दिनों के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाया गया और स्कूल निर्माण में आ रही बाधाएं दूर नहीं की गईं, तो वे चक्का जाम जैसे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। प्रदर्शन के दौरान कुछ ग्रामीणों ने विधायक को मौके पर बुलाने की मांग भी की।

ग्राम पंचायत बेगुनिया के सरपंच पुष्कर लाल पाटीदार ने बताया कि गांव में लंबे समय से हायर सेकेंडरी स्कूल की मांग थी। शासन स्तर पर इसे स्वीकृति देते हुए करीब डेढ़ करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई है। तहसीलदार व पटवारी द्वारा मौका मुआयना कर भूमि स्कूल के लिए प्रस्तावित की गई थी, लेकिन कुछ लोगों द्वारा उसी भूमि पर अतिक्रमण कर लिया गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि शासन की गाइडलाइन के अनुसार यदि दिसंबर माह में निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तो स्वीकृत राशि वापस हो सकती है, जिससे गांव के बच्चों का भविष्य प्रभावित होगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र अतिक्रमण हटाकर स्कूल निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने की मांग की है। प्रदर्शन शिक्षा और गांव के भविष्य से जुड़ा मुद्दा बन गया है। अब ग्रामीणों की निगाहें प्रशासन की त्वरित कार्रवाई पर टिकी हैं।